web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 28 जुलाई 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 300

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आकाशीय बिजली से छह की मौत

**कौशांबी (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बीती देर शाम आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में एक किशोर सहित 06 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोग गंभीर रूप से झुलस भी गये हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आकाशीय बिजली गिरने से जिले के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कोरीपुर गांव निवासी लक्ष्मी (35 वर्ष), सराय अकिल थाना क्षेत्र के भक्कातनपुरवा निवासी रामप्रसाद (50 वर्ष), चरविथाना क्षेत्र की विट्टनदेवी, काजू गांव निवासी बसंत पासी (45 वर्ष), सटई गांव के एक 10 वर्षीय किशोर के अलावा लोधौर गांव के निवासी धर्मेंद्र की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो गई। इन घटनाओं में दो व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों को इलाज के लिये स्थानीय अस्पताल भेज दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए सभी मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने एवं घायलों का इलाज कराने के जिला प्रशासन को निर्देश दिये हैं।

### श्रद्धालुओं से भरी ट्राली को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत

**अयोध्या (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में सावन झूला मेले में आये श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली सडक़ दुर्घटना की शिकार हो गयी, जिससे उसमें सवार एक यात्री की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गये। पुलिस ने बुधवार को बताया कि अयोध्या में दर्शन करके वापस जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्राली को राजमार्ग पर एक अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे ट्राली में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जबकि 06 अन्य श्रद्धालु घायल भी हुये हैं। घायलों को इलाज के लिये जिला अस्पताल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोतवाली नगर क्षेत्र नाका हाइवे पर हुई इस घटना में हताहत हुए लोग बाराबंकी जनपद में थाना फतेहपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

### कर्नाटक में बीजेपी के युवा नेता की बेरहमी से हत्या, कुल्हाड़ी से किया हमला

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में बीती देर शाम भाजपा के युवा मोर्चा कार्यकर्ता प्रवीण नेट्टारू की हत्या कर दी गई। हमलावरों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि ये मोटरसाइकिल पर सवार थे। घटना बेल्लारी की है। वह रात में जब दुकान बंद करके घर लौट रहे थे, तभी पीछे से बाइक पर आए हमलावरों ने उनपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। हालांकि पुलिस को अभी हत्या का कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने इस घटना पर दुख जताया है और कहा है कि हत्यारों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं पुट्टूर के सरकारी अस्पताल में प्रवीण का शव रखा गया है। ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए अस्पताल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बीजेपी युवा मोर्चा के नेता की हत्या के मामले में दुख व्यक्त किया है। सीएम बोम्मई ने कहा, 'दक्षिण कन्नड़ जिले सुल्या के बीजेपी कार्यकर्त्ता प्रवीण नेतारू की नृशंस हत्या निंदनीय है। इस घटना को अंजाम देने वाले हत्यारों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। उन्हें कानून के तहत सख्त सजा दी जाएगी।

# मंकीपॉक्स से निपटने की तैयारी तेज, सरकार ने निकाला वैक्सीन बनाने का टेंडर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में मंकीपॉक्स के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार ऐक्शन मोड में आ गई है। सरकार ने मंकीपॉक्स की वैक्सीन डिवेलप करने के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्य या टेंडर निकाला है। इसके अलावा मंकीपॉक्स की जांच के लिए टेस्टिंग किट का भी टेंडर निकाला गया है। वैक्सीन और टेस्टिंग किट प्राइवेट-पब्लिक पार्टनरशिप मोड से बनाई जाएगी। बता दें कि अब तक देश में मंकीपॉक्स के चार कन्फर्म केस मिल चुके हैं। इनमें से तीन केरल में और एक दिल्ली में है। दिल्ली में पाया गया मंकीपॉक्स का पहला मरीज एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह रिकवर हो रहा है।

सरकार की तरफ से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक 10 अगस्त तक कंपनियां ईओआई जमा कर सकती हैं। बता दें कि मंकीपॉक्स के कई संदिग्ध केस भी मिले हैं। इनका सैंपल टेस्ट के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि वे वायरस से संक्रमित हैं या नहीं।

आईसीएमआर ने अपने बयान में कहा, हालांकि मंकीपॉक्स के लिए वन वैक्सीन और वन स्पेसिफिक ट्रीटममेंट को मंजूरी पहले भी दी जा चूकी है लेकिन इस सामग्री की उपलब्धता अभी बहुत कम है। 2019 में भी मंकीपॉक्स की रोकथाम के लिए वैक्सीन को मंजूरी दी गई थी। यह दो डोज वाली वैक्सीन है लेकिन बहुत कम उपलब्ध है।

कई राज्यों ने जारी किया अलर्ट

डब्लूएचओ ने इसे ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया है इसके बाद देश के कई राजों ने अलर्ट जारी कर दिया है। झारखंड के स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश दिए हैं कि अस्पतालों में आइसोलेशन वॉर्ड बनाए जाएं और मरीजों का ध्यान रखा जाए कि कहीं मंकीपॉक्स के लक्षण तो नहीं हैं। वहीं जो लोग विदेश यात्रा से लौटें वे तुरंत जांच करवाएं। उत्तराखंड में भी मंकीपॉक्स को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तर प्रदेश में कोविड अस्पतालों में मंकीपॉक्स के लिए भी 10 बेड रिजर्व कर दिए गए हैं। इसके अलावा अडवाइजरी जारी करके वायरस और लक्षण के बारे में जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को तैयार किया जा रहा है। मध्यर प्रदेश में भी मंकीपॉक्स को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

**झारखंड में भी मंकीपॉक्स का संदिग्ध केस आया सामने, स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट-** केरल, दिल्ली, तेलंगाना और बिहार के बाद झारखंड के गढ़वा में भी मंकीपॉक्स का संदिग्ध मरीज पाया गया है। गढ़वा शहर के टंडवा मुहल्ले में ग्यारह साल की एक बच्ची में इसके लक्षण पाये जाने के बाद उसे इलाज के लिए स्थानीय सदर अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हॉस्पिटल के नॉन कम्युनिकेबल डिजिज सेंटर के आइसोलेशन वार्ड में उसका इलाज किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग बच्ची का सैंपल लेकर उसे जांच के लिए पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में भेजने की तैयारी कर रहा है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने मंकीपॉक्स का संदिग्ध मरीज मिलने के बाद सभी जिलों के उपायुक्तों और सिविल सर्जन को अलर्ट कर दिया है। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा है कि बच्ची में बुखार और शरीर में फफोले जैसे लक्षण पाये गये हैं। अभी उसे मंकीपॉक्स का मरीज नहीं माना जा रहा है, लेकिन मिलते-जुलते लक्षणों की वजह से उसका सैंपल जांच के लिए पुणे भेजा जायेगा। रांची स्थित रिम्स में भी सैंपल की प्रारंभिक जांच की जायेगी।

गढ़वा के जिला महामारी नियंत्रण पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि संदिग्ध लक्षणों वाली बच्ची पर विभाग की सर्विलांस टीम की निगाह है। उसके पोलिमरेज चेन रिएक्शन, ब्लड टेस्ट, सीरम टेस्म और फफोले के इर्द गिर्द की परत के नमूने निदेर्शानुसार लिये जा रहे हैं। बच्ची की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। इस वजह से आशंका यह भी है कि यह बारिश के दिनों में होनेवाला इन्फेक्शन हो सकता है। इस बीच स्वास्थ्य विभाग ने मंकीपॉक्स की आशंकाओं के मद्देनजर सभी जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में पांच-पांच आइसोलेशन बेड सुरक्षित करने का निर्देश दिया है। अपर मुख्य सचिव की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि हॉस्पिटल्स के ओपीडी में भी संदिग्ध मरीज मिल सकते हैं।



## राजधानी में मिला मंकीपॉक्स का संदिग्ध

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में एक मंकीपॉक्स का संदिग्ध मिला है। शहर के पुरानी बस्ती में रहने वाले किशोर में वायरस के लक्षण नजए आए हैं जिसके बाद जांच कराए किशोर को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अस्पताल में निगरानी में रखने के साथ सैंपल को जांच के लिए पुणे भेजा गया है। जानकारी के अनुसार राजधानी के जैतूसाव मठ के संस्कृत पाठशाला में पढऩे वाले एक 12 साल का किशोर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अस्पताल की ओपीडी में जाँच कराने आया था। जहां लक्षण देखते हुए उसे अस्पताल में ही रखा गया है। किशोर से लिए गए सैंपल को जाँच के लिए पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजा गया है। साथ ही संदिग्ध में साथ रहने वाले 18 बच्चों का भी सैंपल भी जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर मंकीपॉक्स के होने या नहीं होने की पुष्टि हो पाएगी। संदिग्ध किशोर मूलत: कांकेर का निवासी है जो हाल में पुरानी बस्ती में रह रहा है। इधर जैतू साव मठ के संस्कृत पाठशाला में अध्ययनरत बच्चे में मंकीपॉक्स के लक्षण नजर आने के बाद निगम ने मंदिर के बाहर दवाई का छिडक़ाव कर एक हफ्ते के लिए मंदिर को सील कर दिया गया हैं साथ ही मंदिर में पढऩे वाले 20 और छात्र हैं, जिन्हें आइसोलेट किया गया है।

## बेनामी मामले में रियल एस्टेट कारोबारी की दो संपत्तियों को आयकर विभाग ने किया कुर्क

**ढोल लेकर पहुंची टीम, जांच में नौकर के नाम पर दोनों संपत्तियां निकली**

**कानपुर (आरएनएस)।** आयकर विभाग की बेनामी विंग ने बुधवार को रियल एस्टेट कारोबारी की बरहट बांगर स्थित दो संपत्तियों को अंतिम रूप से कुर्क किया है। इसमें एक संपत्ति खाता संख्या 0054 की आराजी संख्या 361 का है जिसका क्षेत्रफल .09 2014 हेक्टेयर है वहीं एक अन्य संपत्ति आराजी संख्या 363 है जिसका क्षेत्रफल .2560 हेक्टेयर है। आयकर विभाग की टीम दोपहर लगभग 12:15 बजे मौके पर पहुंची और वहां अपना बैनर लगाकर और ढोल बजाकर इसकी सार्वजनिक जानकारी भी दी कि यह संपत्ति अंतिम रूप से कुर्क की जाती है। बेनामी विंग ने इसकी खरीद बिक्री पर हस्तांतरण पर भी रोक लगा दी है। यह संपत्ति रियल एस्टेट कारोबारी समीर अग्रवाल और प्रीति अग्रवाल की है। इसे उन्होंने अपने नौकर के नाम पर खरीदा था।



रियल एस्टेट कारोबारी ने एक संपत्ति पर निर्माण कर लिया था और प्लाटिंग भी की जा रही थी वहीं दूसरी संपत्ति पर अभी निर्माण नहीं हुआ है। इन दोनों संपत्तियों पर आयकर विभाग ने अपने बैनर लगा दिए हैं और उनमें भी यह बता दिया गया है कि इन संपत्तियों की कोई भी खरीद, बिक्री ना करें। आयकर विभाग की जांच में जब यह आया की समीर अग्रवाल के नौकर के नाम पर यह दोनों संपत्तियां हैं तो उन्होंने दोनों संपत्तियों की डीड को चेक किया जिसमें पाया गया कि इन संपत्तियों की खरीद के लिए पैसा समीर अग्रवाल ने दिया था।

## तिहाड़ जेल में भूख हड़ताल पर बैठे यासीन मलिक की तबीयत बिगड़ी, आरएमएल अस्पताल में कराया गया भर्ती

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** तिहाड़ जेल में बंद कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक की तबीयत भूख हड़ताल के बाद बिगडऩे लगी, उसके बाद जेल अधिकारियों ने उसे आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया। जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, उसके रक्तचाप में कुछ उतार-चढ़ाव के कारण उसे मंगलवार को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि आगे की जांच के लिए मलिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और फिलहाल वह वहीं अस्पताल में भर्ती है। मलिक को 2017 के आतंकी फंडिंग मामले में दोषी ठहराया गया था और 25 मई को राष्ट्रीय जांच एजेंसी की विशेष अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। जेल में बंद अलगाववादी नेता, जो वर्तमान में तिहाड़ जेल की जेल नंबर 7 में बंद है, 22 जुलाई को भूख हड़ताल पर चला गया। जब उससे भूख हड़ताल का कारण पूछा गया, तो अधिकारी ने कोई विवरण देने से परहेज किया, हालांकि, जेल सूत्रों ने कहा कि मलिक उन एजेंसियों का विरोध कर रहा था, जो उसके मामलों की जांच कर रही हैं।



सूत्रों ने कहा, मलिक आरोप लगा रहा है कि उसके मामले की ठीक से जांच नहीं हो रही है, इसलिए वह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर चला गया। विशेष रूप से, मलिक को ने केवल बाहरी दुनिया से अलग किया गया है, बल्कि उसे जेल के अंदर भी अकेला रखा गया है, जबकि वहां लगभग 13,000 कैदी हैं। तिहाड़ जेल की जेल नंबर 7, जहां मलिक बंद है, हमेशा सुर्खियों में रहा है, क्योंकि इसमें पूर्व वित्तमंत्री पी. चिदंबरम, पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा, सहारा प्रमुख सुब्रत रॉय, क्रिश्चियन मिशेल सहित कई हाई-प्रोफाइल कैदी रहे हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में दोषी को दो आजीवन कारावास और 10-10 साल कठोर कारावास की पांच सजाएं सुनाई हैं। हालांकि, अदालत के आदेश के बावजूद मलिक को जेल के अंदर कोई काम नहीं दिया गया। जेल के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, उसे सुरक्षा कारणों से बिल्कुल भी काम नहीं सौंपा जाएगा।

प्रासंगवश बता दें कि कुछ महीने पहले एक और हाई-प्रोफाइल कैदी सुकेश चंद्रशेखर ने महीने में दो बार पत्नी से मिलने का विरोध करने पर जेल अधिकारियों के खिलाफ दो बार 10 दिनों के लिए भूख हड़ताल की थी और फिर मई महीने में नौ दिनों तक भूख हड़ताल की थी।

## सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ खत्म, तीन घंटे तक चले सवाल-जवाब

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नेशनल हेराल्ड अखबार मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बुधवार को कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी की पूछताछ तीन घंटे के बाद समाप्त हो गई। अभी तक उन्हें कोई नया समन जारी नहीं किया गया है। सूत्रों ने बताया कि कहा जा रहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो उन्हें फिर से जांच में शामिल होने के लिए बुलाया जाएगा।

आज सुबह वह 11 बजे ईडी कार्यालय पहुंची थीं, जो इस मामले में तीसरी बार पेशी थी। उनके साथ उनकी बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा भी थीं, जो अपने साथ एक दवा का डिब्बा भी लेकर गई थीं। मंगलवार को उनसे दो भागों में करीब छह घंटे तक पूछताछ की गई थी। ईडी की अतिरिक्त निदेशक मोनिका शर्मा की एक टीम ने उनका बयान दर्ज किया। प्रियंका गांधी को ईडी कार्यालय के एक कमरे में उपस्थित होने की अनुमति दी गई थी। सूत्रों ने कहा है कि सोनिया गांधी से वही सवाल पूछे गए जो राहुल गांधी से उनके पांच दिवसीय पूछताछ के दौरान पूछे गए थे। उनसे इस पूछताछ के विरोध में कांग्रेस आज भी देश के कई हिस्सों में विरोध-प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस के सांसदों ने बुधवार को संसद भवन परिसर से राष्ट्रपति भवन की ओर मार्च किया। हालांकि पुलिस ने उन्हें विजय चौक के पास रोक लिया। ईडी की ओर से इससे पहले 21 जुलाई को दो घंटे और 26 जुलाई को 6 घंटे पूछताछ की जा चुकी है। इस दौरान सोनिया गांधी से कई सवाल जवाब किए गए थे।



### नेशनल हेराल्ड मामले पूछताछ के विरोध में दिल्ली कांग्रेस ने सत्याग्रह किया

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ अनिल कुमार के नेतृत्व में सभी 14 जिला कांग्रेस कमेटियों में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से नेशनल हेराल्ड मामले पूछताछ के विरोध में सत्याग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले बंद हुए नेशनल हेराल्ड मामले को पुन: पुनर्जीवित करके ई.डी. द्वारा बिना सबूत पूछताछ करना विशुद्ध राजनीति से प्रेरित द्वेषपूर्ण कार्यवाही लोकतंत्र की हत्या है। दिल्ली में शांतिपूर्ण सत्याग्रह कर रहे भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित प्रदेश अध्यक्ष चौ अनिल कुमार को पुलिस ने जबरन गिरफ्तार कर वसंत कुंज पुलिस स्टेशन में ले जाया गया जहां उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया गया। सभी 14 जिलों में आयोजित सत्याग्रह में पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला अध्यक्ष, पूर्व निगम पार्षद, ब्लाक अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल सहित सेल एवं विभागों के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता वही सत्याग्रह पर डटे रहेंगे, डरेंगे नही। केन्द्र सरकार के इशारे पर पुलिस की दमनकारी नीति के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं जिस तरह का दुर्व्यवहार किया जा रहा है उससे कांग्रेस कार्यकर्ता डरेंगे नही, सत्याग्रह जारी रहेगा।चौ अनिल कुमार ने कहा कि मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस का शांतिपूर्ण सत्याग्रह तब तक जारी रहेगा जब तक ई.डी. कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जी से बेबुनियाद पूछताछ बंद नही कर देती।

## ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन और अन्य के खिलाफ एक अदालत में आरोप पत्र (चार्जशीट) दायर किया। इसमें आरोप लगाया गया है कि जैन के पास आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति है। अन्य आरोपियों के नाम भी चार्जशीट में शामिल किए गए हैं। अदालत ने अभियोजन की शिकायत को स्वीकार कर लिया है। अगली तारीख पर होने वाली सुनवाई के दौरान अदालत मामले पर संज्ञान ले सकती है। जैन को 30 मई, 2022 को केंद्रीय एजेंसी द्वारा पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया गया था। वह इस मामले में फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। उनकी जमानत अर्जी पहले कोर्ट ने खारिज कर दी थी। ईडी ने 1 जुलाई को स्वास्थ्य मंत्री के दो सहयोगियों वैभव जैन और अंकुश जैन को गिरफ्तार किया था। ईडी ने जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन और अजीत प्रसाद जैन, सुनील कुमार जैन, वैभव जैन और अंकुश जैन के खिलाफ पीसी अधिनियम, 1988 की धारा 13 (2) के साथ 13 (1) (ई) के तहत 2017 में सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग जांच शुरू की थी। सीबीआई ने 3 दिसंबर 2018 को जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन और अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। यह आरोप लगाया गया है कि जैन ने 14 फरवरी, 2015 से 31 मई, 2017 की अवधि के दौरान दिल्ली सरकार में मंत्री के पद पर रहते हुए संपत्ति अर्जित की थी, जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक है।

## बनिहाल में भारी बारिश और भूस्खलन, फिर रोकी गई अमरनाथ यात्रा- जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद

**श्रीनगर (आरएनएस)।** अमरनाथ यात्रा को एक बार फिर रोक दिया गया है। यात्रा के रास्ते पर भारी बारिश और लैंडस्लाइड के बाद ये कदम उठाया गया है। रामबन के बनिहाल इलाके में दो जगहों पर भूस्खलन हुआ है। इसके बाद जम्मू-श्रीनगर हाईवे को बंद कर दिया गया है। पहाड़ों से पत्थर गिरने की वजह से जम्मू से अमरनाथ यात्रियों का जत्था रामबन के चद्रंकोट में एहतियातन रोक दिया गया है। राहत और बचाव टीमें रास्ता साफ करने में जुटी हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जम्मू कश्मीर ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि पहाड़ों से पत्थर गिरने के वजह से रामबन के मेहड में एनएच-44 पर ट्रैफिक रोका गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि जब तक मंजूरी न दी जाए, आगे न बढ़ें।

बता दें कि इससे पहले मंगलवार दोपहर को पवित्र अमरनाथ गुफा के आसपास पहाड़ों पर भारी बारिश हुई। इससे अचानक बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। कई जगहों पर पहाड़ों से पानी तेजी से नीचे आने लगा। इसके बाद अधिकारियों ने तुरंत यात्रियों को अलर्ट करके वहां से निकाला और पंजतरणी कैंप में पहुंचाया। अधिकारियों के मुताबिक, इस दौरान जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि करीब 4 हजार यात्रियों को इस दौरान वहां से निकाला गया।



## हरिद्वार से साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा कांवड़ियों ने उठाया गंगाजल

**हरिद्वार (आरएनएस)।** गुरु पूर्णिमा के एक दिन बाद शुरू हुई श्रावण मास की कांवड़ यात्रा शिवरात्रि को जलाभिषेक के साथ संपन्न हो गई। 30 लाख शिवभक्तों ने गंगाजल उठाया और अपने प्रदेशों के लिए रवाना हुए।

13 दिनों तक चली कांवड़ यात्रा के दौरान तीन करोड़ 80 लाख 70 हजार कांवडिय़ों ने गंगाजल उठाया। यात्रा के अंतिम दिन डीएम विनय शंकर पांडेय और एसएसपी डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न होने पर ड्यूटी करने वाले अधिकारियों और कर्मियों को शाबाशी दी।

13 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व था। 14 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू हुई। बड़ी संख्या में कांवडिए 13 जुलाई की पूर्व संध्या पर हरिद्वार पहुंचने शुरू हो गए थे। शासन-प्रशासन ने करीब चार करोड़ कांवडिय़ों के हरिद्वार पहुंचने की उम्मीद जताई थी। इसी हिसाब से सुविधाएं जुटाई गई थी। हाईवे से लेकर शहर में यातायात प्लान लागू किया गया।

पैदल कांवड़ तक दिल्ली-हरिद्वार हाईवे पर यातायात व्यवस्था सामान्य रूप से सुचारु रही, लेकिन 20 जुलाई से डाक कांवडियों का आवागमन शुरू हो गया। 22 जुलाई से हाईवे के दोनों साइड कांवडिय़ों का कब्जा रहा। दिन रात कांवड़ चलती रही और डीजे के शोर भी नहीं थमा। डाक कांवड़ के आखिरी तीन दिनों में हर तरफ कांवडिय़ों का हुजूम रहा। बैरागी कैंप से लेकर हरकी पैड़ी एवं आसपास के घाटों और संपर्क मार्गों पर कांवड़ ही नजर आये।

वीआईपी घाट पर पूरी तरह कांवडिय़ों का कब्जा रहा। शिवरात्रि के साथ कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न हो गई। इससे प्रशासन और पुलिस ने बड़ी राहत की सांस ली। बुधवार से बाहरी जिलों से मेला ड्यूटी पर आई पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों की रवानगी शुरू हो जाएगी।

